बिहार सरकार

# बीज संवाद पत्रिका

मार्च 2021




## बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड

छठी मंजिल, पंत भवन, नेहरू पथ, पटना – 800001 (बिहार)



प्रिय बीज उत्पादकों, बीज वितरक, बीज विक्रेता, निगम के सभी कर्मी एवं पदाधिकारी तथा राज्य की तमाम महिला जो कृषि में अपना योगदान दे रही है, उन सभी को महिला दिवस एवं बिहार दिवस की हार्दिक शुभ कामनाएँ।

बिहार राज्य में फरवरी माह में इस वर्ष अचानक तापमान में वृद्धि देखी गई है। तापमान की वृद्धि 5–10 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज की गयी है। तापमान वृद्धि के कारण खाद्यान्न के उत्पादन में कमी की समस्या उत्पन्न हो सकती है। उच्च तापमान फसल के भौतिक अवस्था को भी प्रभावित करता है। तापमान वृद्धि प्रकाश संश्लेषण (Photosynthesis) दर में गिरावट का भी प्रमुख कारण है। प्रकाश संश्लेषण दर में कमी हरित लवक (Chloroplast) की कम संरचना, कार्य में व्यवधान एवं एन्जाइम की निष्क्रियता के कारण होती है, जिससे शुद्ध अनाज की उपज तथा बायोमास भी प्रभावित होता है। अधिक तापमान के कारण पौधों में प्रकाश श्वसन (Photorespiration) तथा वाष्पोर्त्सजन (Transpiration) की दर में वृद्धि होती है, जो कि नुकसानदायक है। इसके लिए एंटी ट्रॉन्सपेरेन्ट जैसे ABA (आब्सिसिक एसिड), फेनाईल मरकरी एसिटेड (Phenylmercury Acetate) जिनका पर्ण स्प्रे (Foliar Spray) किया जा सकता है। इससे फसलों के भौतिक अवस्था में भी सुधार होता है। इसके अलावा सुबह एवं संध्या के वक्त हल्की सिंचाई फसल को दी जा सकती है। दोपहर के वक्त सिंचाई कार्य फसल के लिए नुकसानदायक सिद्ध हो सकती है।




पौधों से फूल झड़ने (Flower dropping) की प्रक्रिया को नियंत्रित करने तथा अनाज और फलों को स्थापित करने में मदद के लिए बोरॉन तथा कैल्शियम का छिड़काव कर सकते हैं।

गरमा बीज का वितरण कार्य इस माह में चल रहा है। कृषक बन्धु एवं बहन निगम के अधिकृत बीज विक्रेता/वितरक द्वारा ई–किसान भवन से बीज प्राप्त कर लें। वितरण कार्य की समाप्ति दिनांक 15 मार्च, 2021 को कर दी जायेगी।

बीज उत्पादक किसानों के मध्य गरमा

फसलों के बीज वितरण प्रक्रिया के उपरान्त एकरारनामा की प्रक्रिया मार्च माह तक समाप्त कर लेनी है।

रबी फसल के बीज उत्पादन के प्रक्रिया के तहत यह माह गुणवत्ता की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इस दौरान बीज उत्पादित प्रक्षेत्रों से अवांछित पौधों को निकालना, रौगिंग, तथा सिंचाई प्रक्रिया पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है, जिससे फसल/बीज की गुणवत्ता तथा उनकी स्थिरता के लिए अभी से प्रबंध किया जा सके। गुणवत्ता की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए निगम के बीज विशेषज्ञों/बीज उत्पादन के जानकार द्वारा किसानों के प्रक्षेत्रों पर भ्रमण तथा फसलों का निरीक्षण किया जा रहा है। सभी कृषक बन्धुओं से अनुरोध है कि प्रक्षेत्र पदाधिकारी को फसल सम्बन्धित सही जानकारी उपलब्ध करायें व उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करें, ताकि अधिक उपज प्राप्त करने के साथ हीं गुणवत्तापूर्ण बीज का उत्पादन किया जा सके। खरीफ बीजों का संग्रहण कार्य समाप्त हो चुका है, जिसमें विगत वर्षों की अपेक्षा आशातीत वृद्धि देखी गयी है। यह राज्य में बीज उत्पादन की उपलब्धता बढ़ाने में मददगार साबित होगी तथा किसानों के जरूरत के मुताबिक योजना में भागीदारी सफलतापूर्वक कर सकेगी। रबी मौसम में उत्पादित फसल गेहूँ, मसूर, चना इत्यादि का संग्रहण कार्य की प्रक्रिया दिनांक 1 अप्रैल, 2021 से शुरू होनी है तथा खरीफ फसल के संग्रहित बीजों का अभिसंस्करण मार्च के प्रथम सप्ताह से प्रारम्भ होगी। प्रसंस्कृत बीजों का नमूना–बीज जाँच प्रयोगशाला को ससमय भेजना सुनिश्चित करें, ताकि समय से उत्पादक कृषकों को अंतिम भुगतान के साथ हीं सफल बीजों का विपणन किया जा सके। साथ हीं सभी क्षेत्रीय प्रबंधक/केन्द्र प्रभारी संग्रह पश्चात् मुख्यालय को संग्रहण संबंधित प्रमाण–पत्र दिनांक 15 मार्च, 2021 तक उपलब्ध करायें।

खरीफ में उत्पादित संग्रहित धान फसल के बीजों की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु सभी केन्द्र प्रभारी एवं अन्य कर्मियों ध्यान दें कि संग्रहित रॉ बीजों को नमी को नियंत्रित करने हेतु गोदाम में हवा का प्रवाह सुचारू रूप से होना



**शेरघाटी स्थित प्रसंस्करण संयंत्र**



**कुदरा स्थित प्रसंस्करण इकाई**

चाहिए। शुष्क हवा का प्रवाह बीज के नमी को नियंत्रित करता है। साथ हीं साथ बीज की गुणवत्ता जैसे बीज की चमक, रंग, सड़ने से एवं बीज की जमाव को नियंत्रित रखती है। दिनांक 1 मार्च, 2021 से खरीफ फसलों के प्रसंस्करण का कार्य निगम के सभी प्रसंस्करण केन्द्रों पर प्रारम्भ कर दिया गया है तथा उसे अप्रैल 2021 के अन्तिम सप्ताह में समाप्त कर दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष लगभग 1,10,000.00 क्विं0 खरीफ रॉ बीजों का प्रसंस्करण किया जायेगा जो कि गत वर्ष की तुलना में 40,000.00 क्विं0 अधिक है। प्रसंस्करण कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु ''बीज अभिसंस्करण हस्तक'' अभिसंस्करण शाखा द्वारा तैयार किया गया है। उक्त हस्तक में उल्लेखित दिशा–निर्देशों के अनुरूप हीं प्रसंस्करण का कार्य किया जायेगा।

होली की हार्दिक शुभ कामनाओं के साथ आपके बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हैं।

(आदेश तितरमारे)
**प्रबंध निदेशक**

P Mahek

बीज संबंधित जानकारी के लिए QR Code Scan करें






# बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड

छठी मंजिल, पंत भवन, नेहरू पथ, पटना – 800001 (बिहार)

दूरभाष: 0612 2547066, वेबसाइट: brbn.bihar.gov.in ई–मेल: brbn.bih.mail@gmail.com

CIN : U01111BR1977SGC 001294